# प्रकृति कार्यक्रम: वैज्ञानिक विद्यार्थी संवाद (16/09/2025)




भा.वा.अ.शि.प.-उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान ( TFRI), जबलपुर में दिनांक 16 सितंबर 2025 को "प्रकृति कार्यक्रम: वैज्ञानिक विद्यार्थी संवाद" के अंतर्गत एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नयी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ते हुए उनमें वैज्ञानिक सोच और व्यवहारिक कौशल विकसित करना था। इस अवसर पर टी.एफ.आर.आई. केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 7 और 8 के लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान श्री डी.पी. झरिया , सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी , ने छात्रों को पौध-नर्सरी की वैज्ञानिक प्रक्रियाओं से अवगत कराया।बच्चों ने उत्साहपूर्वक स्वयं भाग लेकर मिट्टी तैयार करने , पॉलीथीन बैग व रूट ट्रेनर भरने, कलम लगाने और बीजारोपण जैसी गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना था। इस पहल ने छात्रों के मन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी रुचि जगाई और उन्हें यह संदेश दिया कि "प्रकृति की रक्षा ही भविष्य की सुरक्षा है। " कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री प्रमोद सिंह राजपूत , श्री मनोज जोशी, श्री हरिकृष्ण पांडे, श्री शैलेंद्र चंदेली, श्री कुंजीलाल पटेल एवं श्री राघवेंद्र मेहरा का विशेष योगदान रहा।


केम्पा विस्तार परियोजना


केम्पा विस्तार परियोजना
पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रलय, भारत सरकार,
प्रकृति कार्यक्रम








16 Sept 2025, 11:29 am


केम्पा विस्तार परियोजना
पर्यावरण, वन एवं जलवायु